ई-मोबिलिटी परियोजनाओं के लिए बीएचईएल ने एआरएआई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 30 अप्रैल: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय से संबद्ध एक स्वायत्त निकाय ने ई-मोबिलिटी से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। डॉ. ए.आर. सिहाग, सचिव, भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर श्रीमती रश्मि अर्धवर्षे, निदेशक, एआरएआई और श्रीमती रेणुका गेरा, महाप्रबंधक प्रभारी (ईएसएसजी), बीएचईएल द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर श्री अतुल सोबती, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बीएचईएल तथा डीएचआई, एआरएआई और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रौद्योगिकी डेवलपर और कार्यान्वयनकर्ता के रूप में बीएचईएल की अद्वितीय सामर्थ्य और एआरएआई की उन्नत सुविधाओं और गतिशीलता उत्पादों के डिजाइन, परीक्षण और प्रमाणन में विशेषज्ञता, इलेक्ट्रिक और ट्रॉली बस, ईवी चार्जर्स, बैटरी और चार्जर परीक्षण आदि के समाधानों के कार्यान्वयन में तालमेल पैदा करेगी।